
नवदुनिया
भोपाल, बुधवार, 15 अक्टूबर, 2025

## खिलाड़ियों ने कहा- यह हमारे जीवन को बदलने वाला अवसर

# 'मिनी ब्राजील' के खिलाड़ी जर्मनी से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे



जर्मनी से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे शहडोल के खिलाड़ी खेल विभाग के अधिकारियों के साथ। • सौजन्य : आयोजक

**नवदुनिया प्रतिनिधि भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में 'मिनी ब्राज़ील' कहे गए मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के विचारपुर गांव के फुटबाल खिलाड़ियों का दल आज जर्मनी से लौट आया। इन खिलाड़ियों ने जर्मनी के प्रतिष्ठित एफसी इनगोलस्टडट04 क्लब में विश्वस्तरीय फुटबाल प्रशिक्षण प्राप्त किया था। खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सभी को बधाई दी है।

दल के राजाभोज एयरपोर्ट पर पहुंचने पर खेल संचालक राकेश गुप्ता और संयुक्त संचालक बीएस यादव ने स्वागत किया। खिलाड़ियों ने जर्मनी प्रवास के अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण उनके जीवन का एक अविस्मरणीय अवसर रहा, जिससे उन्हें आधुनिक फुटबाल तकनीकों, टीमवर्क और फिटनेस की नई समझ मिली।

क्लब में जर्मन कोच डाइटमार बीयर्सडार्फ ने उन्हें फुटबाल के गुर सिखाए। खेल विभाग ने इस अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए खिलाड़ियों के चयन, यात्रा और प्रशिक्षण की पूरी प्रक्रिया में सहयोग दिया। विभाग के सहयोग से ही यह ऐतिहासिक पहल संभव हुई, जिसने मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय मंच तक पहुंचाया।

**यह खिलाड़ी शामिल हुए :** पांच खिलाड़ी सानिया कुंडे, सुहानी कोल, प्रीतम कुमार, वीरेंद्र बैगा और मनीष घसिया तथा महिला प्रशिक्षक लक्ष्मी सहीस दो अक्टूबर को भोपाल से रवाना होकर 4 अक्टूबर को म्यूनिख पहुंचे थे। 12 अक्टूबर को प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद टीम 13 अक्टूबर को भारत के लिए रवाना हुई और 14 अक्टूबर को भोपाल पहुंची।